प्रभात खबर

# कसमार में नकली सामान बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़




प्रतिनिधि, कसमार कसमार थाना क्षेत्र के तेलमुंगा में नकली उत्पाद बनाने वाले एक बड़े गिरोह का पर्दाफाश हुआ है. तेलमुंगा ब्लॉक चौक स्थित एक गोदाम में शनिवार को पुलिस और विभिन्न कंपनियों की अधिकृत जांच टीम ने संयुक्त छापेमारी कर भारी मात्रा में नकली सरसों तेल, टॉयलेट क्लीनर, डिटर्जेंट, विभिन्न कंपनियों के रेपर, खाली बोतलें, केमिकल तथा पैकिंग मशीनें बरामद की. बड़ी मात्रा में तैयार और अर्द्धनिर्मित नकली उत्पाद भी मिले. गोदाम संचालक गौतम कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है.मिली जानकारी के अनुसार, दिल्ली स्थित अधिकृत जांच एजेंसी के प्रतिनिधि अजय कुमार पंडित को इस फर्जी कारोबार की गुप्त सूचना मिली थी.

Source: https://www.prabhatkhabar.com/state/jharkhand/bokaro/fake-goods-racket-busted-kasmar